दिनांक 27.10.2023 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

मतदाताओं को जागरूक करने बनेगी वाहनों की श्रृंखला

भिलाईनगर। आगामी विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान को लेकर भिलाई निगम द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। 29 अक्टूबर को मतदाताओं को जागरूक करने के लिए वाहनों की श्रृंखला बनाकर रैली निकाली जाएगी, जिसे जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस अनूठे तरीके से होने वाले मतदाता जागरूकता कार्यक्रम की निगम द्वारा तैयारी की जा रही है।

भिलाईनगर विधानसभा के रिटर्निंग आफिसर एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर 29 अक्टूबर रविवार को मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम के तहत विधानसभा क्षेत्र 65 एवं 66 में लोगो को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करने निगम द्वारा विशेष आयोजन किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रविवार को दोपहर 12 बजे बैकुंठधाम स्थित मैदान में स्वास्थ्य विभाग के करीब सौ से अधिक वाहनों की श्रृंखला से मतदान तारीख 17 नवंबर का लिखित आकार बनाएंगे। जिसे काफी उंचाई तक देखा जा सकेगा। इसके बाद वाहनों की रैली निकलेगी जो छावनी चौक से होते हुए हथखोज रोड , ट्रांसपोर्ट एरिया, केनाल जीरो पाइंट, मस्जिद रोड, नंदनी रोड होते हुए सेक्टर एरिया पहुंचेगी जो सेंट्रल एवेन्यू से सेक्टर 09 हास्पिटल चौक, हुडको श्रीराम चौक, 32 बंगला, स्कंदाआश्रम से स्टील क्लब चौक से होते हुए सेक्टर 07 मैदान पहुंचेगी जहां कार्यक्रम का समापन मैदान में पुनः स्वीप लिखित आकार में वाहनों को खड़े कर श्रृंखला बनाकर किया जाएगा। सैंकड़ों की संख्या में निकले वाहनों की रैली में मतदाताओं को 17 नवंबर को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक करने लाउड स्पीकर के माध्यम स्लोगन एवं नारे लगाए जाएंगे ताकि लोग मतदान तिथि को भूले न और शत प्रतिशत मतदान कर प्रदेश में दुर्ग जिले का नाम एक नया कीर्तिमान स्थापित किया जा सके।